नवभारत
भोपाल, सोमवार 15 जून 2026

नवाचार खेती पर करें फोकस : कलेक्टर

▸ बागवानी से किसानों की आय बढ़ाने पर दिया जोर

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम/इटारसी 14 जून. कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने एमपी एग्रो के मोसंबी फार्म और मखाना उत्पादन क्षेत्र का निरीक्षण कर बागवानी एवं फल उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों को अपनाकर जिले में फलों का उत्पादन बढ़ाया जाए और किसानों को नवाचार आधारित खेती के लिए प्रेरित किया जाए. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मोसंबी उद्यान में पौधों की स्थिति, सिंचाई व्यवस्था और उत्पादन संबंधी जानकारी ली. उपसंचालक उद्यान विभाग श्रीमती रीता उईके ने बताया कि फार्म में ब्राजिलियन सीडलेस किस्म की मोसंबी के 666 पौधे लगभग दो एकड़ क्षेत्र में लगाए गए हैं. इन पौधों को दो वर्ष पूरे हो चुके हैं और तीसरे वर्ष से उत्पादन शुरू होने की संभावना है. कलेक्टर ने ड्रिप सिंचाई प्रणाली की सराहना करते हुए पौधों को कीट एवं रोगों से बचाने के लिए नियमित निगरानी और वैज्ञानिक उपाय अपनाने के निर्देश दिए. उन्होंने नई फल फसलों की खेती के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने पर भी जोर दिया.

> मखाना उत्पादन क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केवल बीज उत्पादन तक सीमित न रहकर मखाना प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) और विपणन की दिशा में भी काम करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम को मखाना उत्पादन और प्रोसेसिंग के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है. इसके लिए प्रशिक्षित किसानों को प्रसंस्करण और विपणन का प्रशिक्षण भी दिया जाए. अधिकारियों ने बताया कि एमपी एग्रो फार्म में ड्रैगन फ्रूट की खेती शुरू करने की योजना भी तैयार की जा रही है. इस पर कलेक्टर ने कहा कि ड्रैगन फ्रूट किसानों के लिए लाभकारी फसल साबित हो सकती है और इससे जिले में फल फसलों का विविधीकरण बढ़ेगा. उन्होंने परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान उद्यान विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे.

अस्मिता महिला साइक्लिंग लीग आयोजित

▸ 150 प्रतिभागियों ने दिखाया दम

नर्मदापुरम, 14जून. भारत सरकार के खेल मंत्रालय, खेलो इंडिया, साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया महिला साइक्लिंग लीग उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुई. विश्व साइक्लिंग दिवस के अवसर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में नर्मदापुरम सहित आसपास के जिलों की करीब 150 महिला साइक्लिस्टों ने भाग लिया.

प्रतियोगिता का शुभारंभ शासकीय गृहविज्ञान महाविद्यालय परिसर से हुआ. नगरपालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, भाजपा नेता लोकेश तिवारी और डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर ने हरी झंडी दिखाकर रेस को रवाना किया. आयोजन के दौरान पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की विशेष व्यवस्थाएं की गईं.मास्टर्स, सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग की खिलाड़ियों ने अपनी फिटनेस, धैर्य और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया. जिला खेल अधिकारी उमा पटेल ने बताया कि अस्मिता लीग का उद्देश्य महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाना, फिटनेस के प्रति जागरूकता लाना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है.मास्टर्स वर्ग में प्रीति साहू, सीनियर वर्ग में श्रीकांता राजपूत, सब-जूनियर वर्ग में आस्था गौर और जूनियर वर्ग में सलोनी दुबे ने स्वर्ण पदक जीता. विजेता खिलाड़ियों को पदक और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.कार्यक्रम में जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर, अभिभावक और नागरिक उपस्थित रहे.

एक नजर में

नाबालिगश्च से रिश्तेदार ने ही किया दुष्कर्म

नर्मदापुरम 14 जून. 14 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है. पुलिस ने 22 वर्षीय आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है .जानकारी के अनुसार, आरोपी पिपरिया क्षेत्र के एक गांव का निवासी है और पीड़िता के परिवार का रिश्तेदार है. वह 6 जून को मेहमान के रूप में पीड़िता के घर आया था .इस दौरान उसने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की, लेकिन डर के कारण पीड़िता ने किसी को इसकी जानकारी नहीं दी. इसके बाद 10 जून को वही रिश्तेदार दोबारा उसी घर में आया और नाबालिग से दुष्कर्म किया. हिम्मत करके पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने माता-पिता को दी. फिर परिवार ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया.

एमडी पाउडर के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरदा, 14जून. थाना सिविल लाइन पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 11.01 ग्राम एमडी पाउडर के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है .जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है .थाना प्रभारी आर.एस. तिवारी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने के लिए विशेष टीम गठित की गई थी. 14 जून को मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने गुप्तेश्वर मंदिर के पीछे इलाके में घेराबंदी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा .पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम राजू पिता गंगाविशन राजपूत (44 वर्ष), निवासी ग्राम काकरिया, हरदा बताया. तलाशी के दौरान उसकी जेब से पारदर्शी पन्नी में रखा ब्राउन रंग का पदार्थ मिला, जिसे उसने एमडी पाउडर होना स्वीकार किया .पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर 11.01 ग्राम मादक पदार्थ जब्त किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया .उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा .इस कार्रवाई में थाना प्रभारी आर.एस. तिवारी, सउनि सुनील बिसोने, प्रधान आरक्षक दुर्गेश सेंगर, उमेश राजपूत, महेश शर्मा, मोहन मीणा और आरक्षक वीरेंद्र राजपूत की अहम भूमिका रही.

दिगंबर जैन समाज का रक्तदान शिविर

हरदा, 14जून. विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर श्री दिगंबर जैन समाज हरदा द्वारा जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में समाज के सदस्यों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 20 यूनिट रक्तदान किया .समाज के सचिव राहुल गंगवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रक्तदान दिवस पर यह आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य मानव सेवा और जरूरतमंद मरीजों की मदद करना रहा .उन्होंने कहा कि 'रक्तदान महादान है' और यह किसी भी आपात स्थिति में जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है .शिविर के दौरान रक्तदाताओं का सम्मान भी किया गया. पदाधिकारियों ने कहा कि नियमित रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों को लाभ मिलता है, बल्कि दाताओं के स्वास्थ्य की भी समय-समय पर जांच हो जाती है .

स्वामी ओंकारानंदजी गिरी की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि सभा

▸ भजनों से भक्तिमय हुआ वातावरण

नर्मदापुरम, 14 जून.सेठानी घाट स्थित सत्संग भवन में सत्संग भवन के संस्थापक पूज्य स्वामी ओंकारानंद जी गिरी की पुण्य स्मृति में श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण स्मृति समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर स्वामी जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की.

समारोह के तहत आयोजित भजनांजलि कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध संगीतकार पं. राम परसाई एवं उनके साथियों ने भक्ति रस से ओत-प्रोत भजनों की प्रस्तुतियां दीं. पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया.कार्यक्रम में पं. संतबसंत वशिष्ठ, सहित कई वक्ताओं ने स्वामी ओंकारानंद जी गिरी के जीवन, तपस्या और समाज के लिए किए गए कार्यों को याद किया.

पुण्यदायी सोमवती अमावस्या आज

▸ हरि-हर की कृपा का दुर्लभ संयोग

नर्मदापुरम, 14जून. अधिक ज्येष्ठ मास में पड़ने वाली पावन सोमवती अमावस्या सोमवार को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई जाएगी. इस बार सोमवार और पुरुषोत्तम अधिकमास का विशेष संयोग बनने से भगवान शिव और भगवान विष्णु की संयुक्त कृपा प्राप्त करने का दुर्लभ अवसर माना जा रहा है.

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस वर्ष सोमवती अमावस्या पर सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग जैसे शुभ योग बन रहे हैं. मान्यता है कि ऐसे दुर्लभ संयोग में किए गए जप, तप, दान और पूजा-पाठ का फल कई गुना बढ़ जाता है.आचार्य हरिओम मिश्रा के अनुसार करीब 30 वर्षों बाद ऐसा विशेष संयोग बन रहा है.धार्मिक दृष्टि से यह दिन पितृ तर्पण, शिव आराधना और पुण्य संचय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है.

> श्रद्धालु मां नर्मदा में स्नान, सूर्य को अर्घ्य, शिवलिंग का जलाभिषेक, पीपल पूजन और पितरों का तर्पण करेंगे .सोमवती अमावस्या के अवसर पर नर्मदा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है .सुरक्षा व्यवस्था के तहत होमगार्ड के जवान तैनात किए गए हैं. घाटों पर पुलिस के विशेष पॉइंट बनाए गए हैं और नावों के माध्यम से भी निगरानी रखी जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो.

तकनीकी जांच पर टिकी तवा ब्रिज की किस्मत

▸ रिपोर्ट के बाद होगा फैसला

नर्मदापुरम, 14जून. तवा नदी पर बने महत्वपूर्ण तवा ब्रिज की मरम्मत का कार्य 16 जून तक पूरा होने की संभावना है.इसके बाद विशेषज्ञों की तकनीकी जांच रिपोर्ट के आधार पर तय होगा कि पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही शुरू की जाए या फिर व्यापक मरम्मत के लिए इसे बंद रखा जाए.

एमपी रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के अनुसार पुल के पिलर नंबर 52, 53 और 54 के स्लैब में दरारें पाई गई हैं.प्रारंभिक जांच में अवैध रेत उत्खनन और ओवरलोड रेत डंपरों की आवाजाही को इसका प्रमुख कारण माना गया है.पुल के आसपास पिलरों के पास हुए उत्खनन और अत्यधिक भार के दबाव से संरचना प्रभावित हुई है. फिलहाल सभी भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है, जबकि बसों और हल्के वाहनों को गुजरने की अनुमति है.भारी वाहनों को माखननगर, आरी, सांगाखेड़ा और बांद्राभान मार्ग से डायवर्ट किया गया है.रविवार को एमपीआरडीसी के डिवीजनल मैनेजर सियाराम अहिरवार, यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा और सहायक महाप्रबंधक प्रवीण निमजे ने वैकल्पिक मार्गों और बांद्राभान स्थित पुल का निरीक्षण किया.

साइबर ठगी का शिकार हुआ युवक

नर्मदापुरम, 14जून. जिले में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं. ताजा मामला माखननगर थाना क्षेत्र का है, जहां एक युवक के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर करीब तीन लाख रुपये निकाल लिए गए.पुलिस के अनुसार फरियादी श्रेयांश गोयल ने शिकायत दर्ज कराई है कि अज्ञात साइबर ठगों ने उसके खाते से 2 लाख 99 हजार 988 रुपये निकाल लिए. घटना की जानकारी लगने पर उसने माखननगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई .बताया जा रहा है कि यह धोखाधड़ी 12 जून को हुई, मामले की रिपोर्ट 13 जून को दर्ज कराई गई.

केसला में 'बकरा चोर गिरोह' सक्रिय, 3 बकरे चोरी

▸ रात के अंधेरे में दो मोहल्लों से बकरों पर हाथ साफ

इटारसी/नर्मदापुरम, 14 जून. केसला थाना क्षेत्र में एक अजीबोगरीब चोरी का मामला सामने आया है, जहां शातिर चोरों ने सोना-चांदी नहीं बल्कि तीन बकरों पर हाथ साफ कर दिया. दो अलग-अलग मोहल्लों में हुई इस वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया है.

जानकारी के अनुसार पहली घटना आजाद मोहल्ला की है, जहां बबलू टेकाम के घर से चोर रात के अंधेरे में दो बकरे चुरा ले गए. वहीं दूसरी वारदात गढ़ी मोहल्ले में हुई, जहां रीत इवने के परिसर से एक बकरा चोरी हो गया. सुबह जब पशुपालकों की नींद खुली तो बकरों की जगह सिर्फ खाली रस्सियां मिलीं. पीड़ितों ने तुरंत केसला थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी.

ऑनलाइन योगाभ्यास के जरिए गिनीज रिकॉर्ड बनाने का प्रयास

नर्मदापुरम, 14जून. 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयुष विभाग नर्मदापुरम द्वारा रविवार को नेहरू पार्क में सामूहिक ऑनलाइन योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया.यह आयोजन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने के प्रयास के तहत किया गया, जिसमें शहर के हजारों नागरिकों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से भागीदारी की.आयुष मंत्रालय कार्यक्रम में विद्यार्थियों, महिलाओं, पुरुषों, शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों और योग साधकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया.

बैंक अनावश्यक रूप से आवेदन रिजेक्ट न करें : कलेक्टर

नर्मदापुरम, 14 जून .जिला स्तरीय सलाहकार एवं समन्वय समिति की बैठक कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई. बैठक में विभिन्न विभागों और बैंकों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए.

कलेक्टर ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए. किसी भी आवेदन को बिना उचित कारण के लंबित या निरस्त नहीं किया जाना चाहिए.उन्होंने निर्देश दिए कि यदि कोई ऋण आवेदन अस्वीकृत किया जाता है तो संबंधित कर्मचारी का नाम, पदनाम और अस्वीकृति का स्पष्ट कारण दर्ज किया जाए.उन्होंने बैंकों को आवेदनों की समयबद्ध स्क्रूटनी करने, साप्ताहिक लक्ष्य तय करने और अनावश्यक रूप से ऋण प्रकरण लंबित नहीं रखने के निर्देश दिए. साथ ही योजनाओं से संबंधित दस्तावेजों और प्रक्रियाओं की विस्तृत चेकलिस्ट तैयार करने तथा पिछले वित्तीय वर्ष के लंबित आवेदनों की स्थिति स्पष्ट करने को कहा.बैठक में अनुपस्थित सदस्यों को कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी करने के निर्देश भी दिए गए. कलेक्टर ने बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों से ग्रामीणों एवं आम नागरिकों के प्रति संवेदनशील और सकारात्मक व्यवहार रखने की अपेक्षा जताई.सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होंने बैंकों को शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.बैठक में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, एलडीएम तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी और बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे.

सम्मेलन ▸ भाजपा जिला इकाई द्वारा 'विकसित भारत-2047 संकल्प प्रबुद्ध जन सम्मेलन' का आयोजन

मोदी सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 14जून. भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई द्वारा साई कृष्णा रिजॉर्ट में 'विकसित भारत-2047 संकल्प प्रबुद्ध जन सम्मेलन' का आयोजन किया गया. सम्मेलन में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों और विकसित भारत के लक्ष्य पर विस्तार से चर्चा की गई.कार्यक्रम की शुरुआत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण से हुई.

इसके बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा वंदे मातरम् के गायन के साथ सम्मेलन का शुभारंभ किया गया.मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित, डिजिटल क्रांति, आधारभूत विकास और आत्मनिर्भर भारत जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है. उन्होंने विकसित भारत-2047 को देश के प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय संकल्प बताया.सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का काम किया है.

> विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने भी प्रधानमंत्री के नेतृत्व और महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की .भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि बीते 12 वर्षों में सेवा, सुशासन और विकास के नए मानक स्थापित हुए हैं। सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, प्रबुद्धजनों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया.

कायस्थ समाज ने संभाली स्वच्छता की कमान

▸ त्रगुप्त घाट पर किया श्रमदान

नर्मदापुरम, 14जून. तटों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से अखिल भारतीय कायस्थ समाज ने रविवार को चित्रगुप्त घाट पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया.निवार रात हुई तेज आंधी और बारिश के कारण घाट पर बड़ी मात्रा में कचरा, सिल्ट और गंदगी जमा हो गई थी, जिसे समाज के सदस्यों ने श्रमदान कर साफ किया.

रविवार सुबह बड़ी संख्या में समाज के सदस्य घाट पर पहुंचे और झाड़ू लगाकर सूखा व गीला कचरा एकत्र किया.इसके साथ ही नदी किनारे जमा काई और सिल्ट को भी हटाया गया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो सके.अभियान के दौरान केशव देव वर्मा ने कहा कि मां नर्मदा जीवनदायिनी हैं और उनकी सेवा करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है.उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि पूजा सामग्री और कचरा नदी में न डालें तथा डस्टबिन का उपयोग करें.भजन गायिका आशा राजपूत ने कहा कि चित्रगुप्त घाट देशभर में प्रसिद्ध है और यहां हर अमावस्या व पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में घाट की स्वच्छता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।अभियान में अभय वर्मा, विजय वर्मा, सुनील राय, सी.बी. खरे, मनोज वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, प्रीति खरे, ज्योति वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन और मातृशक्ति ने भाग लिया.